हसरत मेरी मिटा दे अगर

हसरत मेरी मिटा दे अगर,
दर्शन मुझे दिखा दे अगर,
अपनी दया के सागर दे दो बुँदे तू पीला दे अगर,
हसरत मेरी मिटा दे अगर

आजा माँ तेरी राह में कब से बिछाये नैन,
देदे झलक दीदार की आये न दिल को चैन,
जीवन मेरा सवर जाये चरणों से तू लगा ले अगर,
हसरत मेरी मिटा दे अगर....

आया हु तेरे द्वार पे सुन ले मेरी पुकार,
होठो पे नाम है तेरा दिल में है तेरा प्यार,
किस्मत मेरी पलट जाये बिगड़ी को तू बना दे अगर,
हसरत मेरी मिटा दे अगर........

वर्धनी नाम है तेरा हो मुझपे तू दयाल,
बंसी की विनती सुन जरा हिर्दये तेरा विशाल,
मन के अँधेरे मिट जाये दीपक माँ तू जगा दे अगर,
हसरत मेरी मिटा दे अगर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9206/title/hasrat-meri-mita-de-agar-darshan-mujhe-dikh-de-agar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |